प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक: 11.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

16वां रोजगार मेला कल देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इन युवाओं को संबोधित भी करेंगे। यह नियुक्तियां केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में की जा रही हैं, जिनमें रेल, गृह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, श्रम और रोजगार मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग तथा डाक विभाग सहित अन्य विभाग शामिल हैं। गौरतलब है कि अब तक देशभर में आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 10 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं।

00000

आज विश्व जनसंख्या दिवस है। यह दिवस हर साल 11 जुलाई को बढ़ती जनसंख्या की चुनौतियों और अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जनसंख्या संबंधी मुद्दों तथा पर्यावरण और विकास के साथ उनके संबंधों के बारे में जागरुकता पैदा करना है। इस वर्ष का विषय है–मां बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही। राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवायें देने वाले कार्मिकों और संस्थाओं को सम्मानित किया। जिला स्तर पर भी इसी तरह सम्मान समारोह रखे गये है। साथ ही कई जगहों पर जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जनसंख्या नियंत्रण का संदेश दिया जा रहा है।

0000

प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ ले रहे पात्र व्यक्तियों को 15 जुलाई तक भौतिक सत्यापन करवाना अनिवार्य होगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक बी.पी. चंदेल ने बताया कि नियत तारीख तक भौतिक सत्यापन नहीं करवाने वाले लोगों की पेंशन अगले महीने से रोक दी जाएगी। पेंशनधारक किसी भी ई–मित्र कियोस्क पर जाकर सत्यापन करवा सकते हैं या विभाग के मोबाइल ऐप के माध्यम से भी सत्यापन किया जा सकता है।

0000

भारतीय वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आज से ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। ये पंजीकरण 31 जुलाई तक किये जा सकते है। 2 जुलाई 2005 से दो जनवरी 2009 के बीच जन्मे अविवाहित पुरूष और महिला उम्मीद्ववार इस भर्ती के लिए पात्र होगें। इसके लिए 12वीं कक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

000

नागौर में काणोता गांव के पास कल रात एक सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं सात लोग घायल हो गए। ये दुर्घटना एक तेज रफ्तार कार के बेकाबू होकर सड़क किनारे खडे डम्पर से टकरा जाने से हुई। कार में सवार ये सभी लोग बालोतरा जिले के पचपदरा के रहने वाले थे और सालासर दर्शन के लिए जा रहे थे। घायलों को नागौर के जेएलएन अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

0000

प्रदेश में मॉनसून की बरसात का दौर जारी है। बीते 24 घंटों में राज्य के पूर्वी हिस्सों में गरज के साथ तेज बारिश दर्ज की गयी। वहीं कहीं–कहीं भारी बारिश हुई। पश्चिमी राजस्थान में हल्की से मध्यम बरसात रिकॉर्ड हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक 10 सेंटीमीटर पानी जयपुर के चाकसू में बरसा। धौलपुर के बाडी में 9, झुंझुनूं में 8, दौसा के लालसोट और सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा में 6–6 सेंटीमीटर बरसात रिकॉर्ड हुई। आज भी कुछ स्थानों पर बरसात हो रही है।

कोटपूतली में झमाझम बारिश हुई। सवाईमाधोपुर में कल रात से ही बारिश की झडी लगी हुई है। मौसम विभाग ने आज झुंझुनूं, सीकर, जयुपर, अलवर, अजमेर और टोंक जिलों तथा आस–पास के क्षेत्रों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में कहीं–कहीं एक–दो दौर भारी बरसात के भी हो सकते है। वहीं 14 जिलों में हल्की से मध्यम बरसात का येलो अलर्ट है। विभाग ने पूर्वी राजस्थान में अगले दो सप्ताह मॉनसून के सक्रिय रहने और औसत से अधिक बारिश होने की संभावना जतायी है। पश्चिमी हिस्सों में एक सप्ताह मॉनसून सक्रिय रहने के आसार है।

00000

रेल्वे ने सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए मशीन विज़न पर आधारित निरीक्षण प्रणाली –एमवीआईएस लगाये जाने का फैसला किया है। एमवीआईएस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग–आधारित आधुनिक तकनीकी प्रणाली है जो चलती रेल गाडियों के अंडर–गियर की उच्च–रिज़ॉल्यूशन वाली तस्वीरें लेता है। साथ ही किसी भी लटके हुए, ढीले या गायब पुर्जे का भी पता लगा लेता है। गड़बड़ी का पता चलने पर इसे जल्द ठीक करने के लिए यह प्रणाली रीयल–टाइम अलर्ट जारी करती है।

00000

अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष आईएमएफ ने कहा है कि भारत में बडे पैमाने पर यूपीआई को अपनाये जाने से भुगतान किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक तेजी से होता है। आईएमएफ का कहना है कि यूपीआई ने भारत में डिजिटल भुगतान का नक्शा बदल दिया है। यूपीआई के माध्यम से लेनदेन के साक्ष्य बताते हैं कि डिजिटल भुगतान से उपभोक्ताओं का अनुभव समृद्ध हुआ है और बहुत बडे पैमाने पर इसकी स्वीकार्यता बढी है। यूपीआई तुरंत भुगतान का सबसे सुगम माध्यम है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मन की बात मासिक कार्यक्रम 27 जुलाई को होगा। ये इस रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। श्रोता इसके लिए 25 जुलाई तक सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगी।

000